# 6 माह से लंबित राजस्व प्रकरणों पर कलेक्टर ने लगाई फटकार

## कलेक्टर ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा, प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**



कलेक्टर ने गत 6 माह से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदारों को इन्हें प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का जवाब गुणवत्तापूर्ण और समय पर भेजा जाए. साथ ही न्यायालीन प्रकरणों में विभाग का पक्ष मजबूती से रखने के लिए 'जवाब दावा' समय पर प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई. बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दो से पांच वर्षों से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाप्त किया जाए. उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों का समय पर निराकरण होने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी. कलेक्टर ने बटवारा, नामांकन एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण किया जाए. बैठक में भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी विभागों और कार्यालयों के लिए लंबित भूमि आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए. बैठक में लंबित सीएम मॉनिटरिंग के प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की प्रगति तथा स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई.

कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा स्वामित्व योजना के कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे. बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की गई. बैठक में अधिकारीगण मौजूद थे.



# एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण वितरण प्रणाली का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 17 मार्च, देश में चल रहे घरेलू रसोई गैस की समस्या के साथ रीवा जिले में भी गैस की मारामारी शुरू है. आज सुबह रीवा पहुंची गैस की गाडियों को अलग अलग एजेन्सियों मे भेजा गया.**

वही जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गुढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह ने गुढ़ ग्रामीण इण्डेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडरों का स्टॉक, बुकिंग व्यवस्था, कालाबाजारी और तय दामों पर वितरण की जांच की. अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं और अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है. एसडीएम ने सुनिश्चित किया कि बुकिंग के अनुसार ही उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिले और ओवर-रेटिंग (अधिक कीमत) न हो. सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध भंडारण करने वाले एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है और एसडीएम ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें उन्हें सुचारू रूप से गैस आपूर्ति की जाएगी. इस अवसर पर वितरण व्यवस्था बनाने के लिए गुढ़ पुलिस एवं राजस्व की टीम मौजूद रही.

# खानदानी सेजरा के लिए दर-दर भटक रहा फरियादी

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, फरियादी मोतीलाल साकेत पिता स्व. राम कृपाल साकेत निवासी ग्राम मिसिरगवा, पोस्ट कुलबहेरिया तहसील मऊगंज जिला मऊगंज ने बताया कि उसके पिता राम कृपाल साकेत की मृत्यु 24-11-2022 को हो चुकी है.**

मृतक के विधिक मौजूद बारिशगनों जिसमें रामवती सकेत पत्नी स्व. राम कृपाल साकेत मोती लाल साकेत पिता स्व. राम कृपाल साकेत उपरोक्त दो विधिक वारिस मौजूद हैं. फरियादी के मृतक पिता राम कृपाल साकेत के नाम से एनसीएल सिंगरौली नगर जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश में भूमि खसरा क्रमाक 21 / 3 रखवा 0.020 हैकटेयर स्थित ग्राम मुंगेर पटवारी हल्का घोरौली कला तहसील सिंगरौली नगर जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश में स्थित है. ज्ञात होवे की एनसीएल में फसी जमीन के मुआवजा हेतु उक्त भूमि से संबंधित मृतक के कितने वारिस हैं इस संबंध का खानदानी सचरा मुआवजा देने के लिए तहसील न्यायालय मऊगंज से जारी कर लाने के लिए कहा गया है क्योंकी प्रार्थी की भूमि नॉर्थन कोल्डफील्ड लिमिटेड ब्लॉक बी परीयोजना पोस्ट ऑफिस गोरवी जिला सिंगरौली में स्थित है पंचायत द्वारा जारी खानदानी सचरा को नॉर्थरन कोल्डफील्ड द्वारा मान्य नहीं किया जा रहा है. इस लिये फरियादी ने तहसील मऊगंज सर्किल सीतापुर में खानदानी सचरा जारी करने हेतू दिनाँक 17 जून 2025 को आवेदन किया गया है. लेकिन आवेदन के इतने दिन बीत जाने के बाद भी नायब तहसीलदार सर्किल सीतापुर तहसील मऊगंज द्वारा कार्यवाही नही की.

# नरवाई न जलाने के संबंध में किसानों को किया जा रहा जागरूक

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, कृषि विभाग मऊगंज द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के परिपालन में कृषकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है.**

विकासखण्ड मऊगंज के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत हटवा सोरेहान में नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमेश चंद्र द्वारा बताया गया कि फसलों की कटाई के बाद उनके जो अवशेष खेत में रह जाते हैं, उसे नरवाई या पराली कहते हैं. मशीनों से फसल की कटाई होने पर बड़ी मात्रा में नरवाई खेत में रहती है, इसको हटाने के लिए किसान प्राय: इसे जला देते हैं. इससे खेत की मिट्टी की उपरी परत में रहने वाले फसलों के लिए उपयोगी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी में कड़कपन आ जाता है जिसके कारण जलधारण क्षमता बहुत कम हो जाती है. किसान नरवाई प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि उपकरणों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर आदि का उपयोग करें जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है एवं पर्यावरण प्रदूषण भी नहीं होता है, शासन द्वारा इन यंत्रों पर अनुदान भी दिया जा रहा हैं.



पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी अधिकारियों की बैठक लेते हुए

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं : संजय

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागीय के अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया करें.

उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा मैदानी स्तर पर अधिकारी जाकर कार्यों का निरीक्षण करें. उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी. अधिकारियों ने विभागों से संबंधित प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की. इस दौरान टास्क फोर्स समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे.

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मऊगंज द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना था. इस अवसर पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनिल गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता' निर्धारित की गई है. इस विषय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. वक्ताओं ने उपभोक्ताओं को असुरक्षित एवं नकली उत्पादों से बचने, वस्तुओं की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच करने तथा ऑनलाइन और वैश्विक बाजार में उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया. साथ ही यह भी बताया गया कि विश्व स्तर पर द्वारा उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान संचालित किए जाते हैं.

# अपराध पर अंकुश और अपराधियों पर लगाए लगाम : सोनी

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी की अध्यक्षता में मऊगंज पुलिस कंट्रोल रूम में मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित की गई. बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित अपराधों की समीक्षा और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में विक्रम सिंह एवं सची पाठक सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस अधीक्षक ने बैठक के दौरान जिले में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए तथा गंभीर अपराधों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में विशेष रूप से बाल कल्याण समिति से जुड़े मामलों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई.

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि नाबालिग बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए. बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी थाना प्रभारी इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतें. इसके साथ ही जिले में चल रहे विशेष अभियानों, गुमशुदा बच्चों की तलाश, महिला सुरक्षा, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी रणनीति बनाई गई.

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए. किसी तरह की लापरवाही न करे.

# आईटीआई में प्रवेश के लिए 20 तक अवसर

रीवा, 17 मार्च, संभागीय आईटीआई रीवा में प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में संस्था में संचालित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवार 20 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं. इस संबंध में प्राचार्य सोनम पाण्डेय ने बताया कि आवेदक पात्रता की शर्तों, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य विवरण के लिए कार्यालयीन समय में संभागी आईटीआई कार्यालय रीवा से संपर्क कर सकते हैं. समय पर आवेदन कर असुविधा से बचे.

# राम कथा के समापन समारोह में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 17 मार्च, मऊगंज जिले के हनुमाना तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध गणेश धाम बरांव में चल रहे 9 दिवसीय श्री राम कथा के समापन अवसर पर आस्था का जन सैलाब इस कदर उमड़ा कि कथा पंडाल भी छोटा पड़ गया. वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि**

के रूप में पधारे मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम प्रताप सिंह द्वारा कथा ब्यास स्वामी दासरथी जी महाराज का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ श्री सिंह का महाराज श्री द्वारा विशेष बहुमान करते हुए कहा गया कि पुलिस के अधिकारी है भारत सरकार के हनुमान की भांति है तथा पुलिस कर्मचारी उनकी सेनाहै. इसके साथ ही महाराज श्री से समाज सेवी राममणि शुक्ला, पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता संपति दास गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार कमलाकांत मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री चंद्रकांत मिश्रा आदि ने भी माल्यार्पण कर आशीर्वाद व बहुमान प्राप्त किया. उल्लेखनीय है कि श्रीधाम अयोध्या के श्रीमज्जगद्गुरु रामानुज सम्प्रदायाचार्य प्रसिद्ध संत स्वामी दासरथी जी महाराज के द्वारा 8 मार्च 2026 से प्रसिद्ध गणेश धाम बरांव में बहाई जाने वाली श्री राम कथा त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए समूचे विंध्य भर से राजनीतिक सामाजिक व धार्मिक जगत से जुड़ी हस्तियों ने समय-समय पर पहुंचकर कथा रसपान करने के साथ ही कथा व्यास पूज्य स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद व बहुमान भी प्राप्त करते रहे हैं. आज की कथा में भगवान श्री राम के अयोध्या वापस आने एवं भारत राम मिलाप की अद्भुत भावपूर्ण कथा कहते हुए स्वामी जी महाराज ने मानो स्वयं नंदी ग्राम में ही कथा चल रही हो और साक्षात भरत रामिलाप हो रहा हो जैसा अद्भुत भाव भंगिमा दृष्टिगोचर हो रही थी. इस अवसर पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक की कथा के दौरान वेद मंत्रों की ध्वनि के साथ स्वस्तिवाचन करते हुए कथा ब्यास स्वामी जी महाराज को पगड़ी पहनकर और भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण भरत एवं अनुज शत्रुघ्न समेत सभी संतो काभी बहुमान करते हुए मानो वानर भालूओं का भी बहुमान किया जा रहा हो.



रामकथा के समापन अवसर पर संविदाकार विजय मिश्रा एवं एएसपी

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 17 मार्च, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजनों की समस्याएं सुनीं.**

कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए. जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. जनसुनवाई में दीनबंधु तेली तथा सूर्यभान जायसवाल निवासी ग्राम अल्हवा खुर्द ने खसरा सुधार, प्रभा तिवारी निवासी ग्राम पिडिया ने शासकीय भूमि से सरई के पेड़ काटने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने, संतोष कुशवाहा निवासी ग्राम अतरैला ने पटवारी द्वारा बंटवारा के बाद जमीन का नक्शा तरमीम न किए जाने, अविनाश पटेल निवासी देवरा ने सहारा के नाम पर आरोपियों द्वारा हड़पी गई राशि वापस दिलाने तथा हरिप्रसाद पटेल निवासी दामोदरगढ़ ने जमीन का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए.

# हनुमना के बेटी इंदू गुप्ता के उपन्यास अंतहीन सफर का किया गया विमोचन

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 17 मार्च, हनुमना की बेटी इंदू गुप्ता द्वारा लिखित उपन्यास अंतहीन सफर का विमोचन समारोह के दौरान किया गया.**



वैश्य सभा मध्य प्रदेश द्वारा सतना में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आईएएस अधिकारी रहे रामकिंकर गुप्ता तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक राजीव गुप्ता तथा संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता के हाथों विमोचन किया गया. मऊगंज जिले के हनुमन के प्रतिष्ठित नागरिक तथा मध्य प्रदेश के तेंदूपत्ता के अपने जमाने के प्रसिद्ध व्यवसायी रहे स्वर्गीय सेठ कन्हैया लाल की पौत्री एवं वर्तमान में सिंगरौली में निवास रत एडवोकेट कुंज बिहारी केसरवानी प्रदेश कार्य समिति सदस्य केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश की पुत्री तथा मऊगंज निवासी स्वर्गीय सुभाष चंद्र गुप्ता की पुत्रवधू एवं मनोज कुमार गुप्ता मनीष की धर्मपत्नी व एवं महिला जिला इकाई मऊगंज की अध्यक्ष इंदू गुप्ता द्वारा लिखित उपन्यास '*अंतहीन सफर*' के विमोचन के दौरान लोगो ने हर्ष व्यक्त किया. उल्लेखनीय है कि इंदु गुप्ता द्वारा लिखित उपन्यास '*अंतहीन सफर*' काल्पनिक होते हुए भी वास्तविकता का एहसास कराती है यह रहस्य एवं रोमांच से भरपूर है. कहानी में प्रेम और विश्वास का अटूट संगम है जो पाठकों को सुखद अनुभूति कराता है. उत्कृष्ट लेखन पर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वैद्य सरयू प्रसाद केसरवानी ने बधाई देते हुए कहा है कि इंदू बिटिया किसी घर की बेटी है तो किसी घर की बहू है और दोनों का भी फर्ज निभाते हुए व्यस्ततम जीवन में इतना उत्कृष्ट उपन्यास लिखकर राष्ट्र व समाज को दिशा देने का जो कार्य किया है उसके लिए परमात्मा श्रीमन्नारायण तथा महर्षि कश्यप से उसके उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसर होने की कामना करता हूं.

रीवा की पूर्व महापौर तथा केसरवानी महिला वैश्य सभा की प्रदेश अध्यक्ष ममता गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मऊगंज चंद्रप्रभा गुप्ता, हनुमना नगर परिषदअध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी.

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 17 मार्च, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ द्वारा श्री भागवत पैलेस में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया गया.**




कार्यक्रम की शुरुआत विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं वर्ग गीत के साथ हुई. प्रशिक्षण के प्रथम दिवस कुल छह सत्र आयोजित किए गए. प्रथम सत्र के वक्ता विधायक नागेंद्र सिंह रहे, जबकि द्वितीय सत्र में पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, रावेंद्र मिश्रा एवं योगेंद्र शुक्ला ने संबोधित किया. प्रथम सत्र की अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ द्वारा तथा द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. अयोध्या प्रसाद तिवारी, मनमोहन तिवारी, डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, काशीनाथ पटेल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने की. वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी का इतिहास, केंद्र सरकार की योजनाएं, वैचारिक अधिष्ठान, 'मन की बात' तथा बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया.